# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 22 मई, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com







## सीएम योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी



**डेली संवाद, लखनऊ**
उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह धमकी पुलिस मु×यालय के वॉट्सऐप नंबर पर भेजी गई। जिस नंबर से धमकी भरा मेसेज आया है, पुलिस ने उस नंबर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मेसेज में योगी को एक खास समुदाय का दुश्मन बताते हुए धमकी दी गई है। यूपी पुलिस के 112 मु×यालय में गुरुवार देर रात लगभग साढ़े बारह एक वॉट्सऐप मेसेज आया। यह मेसेज यहां के सोशल मीडिया डेस्क के नंबर 7570000100 पर आया था। मेसेज में लिखा था, %सीएम योगी को मैं बम से मारने वाला हूं। (एक खास समुदाय का नाम लिखा) की जान का दुश्मन है वो। यह मेसेज आने के बाद उच्चाधिकारियों को इसी सूचना दी गई। अधिकारियों ने बताया कि गोमती नगर थाने में धारा 505 (1) बी, 506 और 507 के तहत केस दर्ज किया गया है। खासबात यह है कि इस मामले में जरा भी देरी नहीं की गई। मेसेज रात में 12 बजकर 32 मिनट पर आया तो थाने में महज 19 मिनट के अंदर 12 बजकर 51 मिनट पर एफआईआर दर्ज करा दी गई। अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि धमकी मोबाइल नंबर 8828453350 से आई थी। पुलिस ने इस नंबर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। अब रेकॉर्ड निकाला जा रहा है कि यह नंबर किसके नाम का है।


## एक नजर

### कोरोना को हराकर मेयर के ओएसडी हरप्रीत सिंह वालिया आज से काम पर लौटे, ज्वाइन किया दफ्तर




**डेली संवाद, जालधर :** जालंधर के मेयर जगदीश राजा के ओएसडी हरप्रीत सिंह वालिया ने कोरोना को हराकर फिर से काम में जुट गए हैं। शुक्रवार को उन्होंने फिर से नौकरी ज्वाइन कर लिया। उन्होंने कहा कि वे फिट और दुरुस्त हैं। हरप्रीत सिंह वालिया ने कहा कि कोरोना से घबराने की जरूरत नहीं है। बस लोगों को हिम्मत के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार कोरोना मरीजों का पूरा ध्यान रख रही है। मरीजों की सही उपचार हो रहा है।

### अमेरिका ने 34 देशों की इस संधि से खुद को किया अलग



**वॉशिंगटन :** अमेरिका ने बृहस्पतिवार को 'ओपन स्काइज' संधि से अलग होने के अपने फैसले की घोषणा की। इस संधि के तहत रूस समेत 34 देशों को अपने विमान एक-दूसरे के क्षेत्र में उड़ाने की अनुमति है। एक जनवरी 2002 को हुई इस संधि का सदस्य भारत नहीं है। इस संधि में शामिल ज्यादातर देश उत्तर अमेरिका, यूरोप में तथा पश्चिम एशिया के है। विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका ओपन स्काइज पर संधि से अलग होने के अपने फैसले का नोटिस ट्रीटी डिपोजिटरीज और इस संधि के सभी पक्षकारों को सौंपेगा।

### डॉ. हर्षवर्धन ने WHO कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने शुक्रवार को 34-सदस्यीय डब्ल्यूएचओ कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हर्षवर्धन कोविड-19 महामारी के खिलाफ भारत की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। हर्षवर्धन ने जापान के हिरोकी नकातानी का स्थान लिया है। उन्होंने कोरोना वायरस महामारी के कारण दुनिया भर में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति शोक जताया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के बाद अपनी टिप्पणी में हर्षवर्धन ने यह भी कहा कि महामारी के कारण उत्पन्न मौजूदा संकट से निपटने के लिए वैश्विक साझेदारी को मजबूत बनाने और साझा प्रतिक्रिया की आवश्यकता है।

### इंकम टैक्स विभाग ने अप्रैल से 26,242 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इस वर्ष एक अप्रैल से 21 मई तक कुल मिलाकर 26242 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए हैं। सीबीडीटी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 1581906 करोड़ आयकरदाताओं को कुल 14632 करोड़ रुपये के रिफंड किए गए हैं। इसके साथ ही 102392 करदाताओं को 11610 करोड़ रुपये के कार्पोरेट कर रिफंड किए गए हैं। बयान में कहा गया है कि पिछले सप्ताह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत की गई घोषणाओं के बाद से रिफंड में और तेजी लाई गई है।

# पाकिस्तान में गिरा प्लेन
# 100 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका



**डेली संवाद, इस्लामाबाद**
पाकिस्तान के व्यावसायिक शहर कराची में पाकिस्तान अंतराष्ट्रीय एयरलाइंस (पीआईए) का एक यात्री विमान शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 107 लोग थे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पीआईए के प्रवक्ता अब्दुल सत्तर ने यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि लाहौर से कराची जा रही उड़ान सं×या ए-320 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्रवक्ता के अनुसार विमान में चालक दल के सदस्य समेत 107 यात्री सवार है। रिपोर्ट के मुताबिक़ सुरक्षा बल और अन्य बचाव टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई है और आग को बुझाने का काम किया जा रहा है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने मीडिया को बताया कि यात्री विमान कराची हवाईअड्डे के निकट आवासीय क्षेत्र में घरों पर जा गिरा है।

इसके अलावा रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि लाहौर से कराची के लिए निकला विमान कराची हवाई अड्डे पर पहुंचने से कुछ दूर पहले ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 99 यात्री है। इसमें चालक दल के आठ सदस्य हैं। वीडियो में दुर्घटनास्थल से धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। निवासियों की मदद के लिए एंबुलेंस और बचाव अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के एक बयान में कहा गया कि सेना की त्वरित प्रतिक्रिया बल और सिंध पाकिस्तान रेंजर्स नागरिक प्रशासन के साथ राहत और बचाव के प्रयासों के लिए साइट पर पहुंचे।

### उत्तर भारत में आसमान से बरसने लगी आग, आने वाले दिनों में और बढ़ेगी गर्मी



**नई दिल्ली :** उत्तर भारत में भीषण गर्मी का कहर जारी है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों में चिलचिलाती धूप लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। हालांकि लॉकडाऊन में मिली राहत के बाद लोग काफी संख्या में घरों से बाहर निकल रहे हैं लेकिन गर्मी का कहर बढ़ता जा रहा है। दिल्ली में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और जालंधर में तापमान 41 डिग्री के पार चला गया है। स्काइमेट वेदर सर्विसेज के प्रमुख मौसम वैज्ञानिक महेश पलावत ने कहा कि इस सप्ताह में गर्म हवा का सिलसिला जारी रह सकता है। लू चलने की आशंका है। राजस्थान में लू अब चल रही है। वहां से दिल्ली की तरफ गर्म हवा पहुंचेगी। वहीं आज नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में दस्तक देगा।

### कोरोना के मामलों में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी

## पिछले 24 घंटे में 6,088 मरीज आए सामने, अब तक 3,583 की मौत



**डेली संवाद, नई दिल्ली।**
कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे से 148 और लोगों की मौत हो जाने के बाद देश में इस घातक वायरस से मरने वाले लोगों की कुल सं×या बढ़कर 3,583 हो गई है जबकि संक्रमण के 6,088 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमित लोगों की कुल सं×या बढ़कर 1,18,447 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि देश में 66,330 संक्रमित लोगों का उपचार चल रहा है, संक्रमित हुए 48,533 लोग अब स्वस्थ हो गए हैं और एक मरीज विदेश चला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''अभी तक करीब 40.97 प्रतिशत मरीज संक्रमण से उबर चुके हैं।'' जिन लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई हैं, उनमें विदेशी भी शामिल हैं।

### तूफान से मिले जख्मों पर पीएम मोदी ने लगाया मरहम, पश्चिम बंगाल को 1 हजार करोड़ के पैकेज का ऐलान

**डेली संवाद, कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल में अम्फान तूफान से हुई तबाही का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया। मोदी ने केंद्र की तरफ से बंगाल को 1 हजार करोड़ रुपये मदद का ऐलान करते हुए उम्मीद जताई कि बंगाल फिर से उठ खड़ा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि वह दुख की घड़ी में पश्चिम बंगाल के साथ हैं। पीएम ने कहा कि बंगाल कोरोना और अम्फान जैसी दो आपदाओं से एकसाथ लड़ रहा है। हवाई सर्वे के बाद पीएम मोदी ने कहा कि जब देश में कोरोना वायरस का संकट है, तब पूर्वी क्षेत्र में तूफान ने प्रभावित किया। पीएम मोदी ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार दोनों ने इस तूफान को लेकर तैयारी की थी, लेकिन इसके बावजूद 80 लोगों की जान हम नहीं बचा पाए हैं। इस तूफान की वजह से काफी संपत्ति का नुकसान हुआ है, जिसमें घर उजड़े हैं और इंफ्रास्ट्रक्चर को बड़ा नुकसान हुआ है।

### कुएं में मिली 9 लाशें, मचा हड़कंप, मृतकों में एक ही परिवार के 6 सदस्य

**डेली संवाद, हैदराबाद**
तेलंगाना के वारंगल शहर के बाहर गौरेकुंटा गांव में कोल्ड स्टोरेज के पास एक खुले कुंएं से आठ प्रवासी मजदूरों समेत नौ लोगों के शव बरामद होने से सनसनी फैल गई है। पुलिस के मुताबिक इनमें से चार लोगों के शव गुरुवार को बरामद किये गये थे जबकि बाकी शव शुक्रवार की सुबह को बरामद किये गये। इनमें से छह लोग पश्चिम बंगाल के एक ही प्रवासी परिवार के सदस्य थे जबकि दो अन्य बिहार के प्रवासी मजदूर थे वहीं एक अन्य व्यक्ति स्थानीय निवासी बताया जा रहा है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए वारंगल के महात्मा गांधी अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस इस हृदयविदारक घटना की सामूहिक आत्महत्या या हत्या समेत हर पहलु पर गौर करते हुए जांच कर रही है। घटना की जांच के लिए पुलिस की विशेष टीमों का गठन किया गया है और श्वान दस्ते व क्लू टीमों की भी मदद ली जा रही है। मकसूद (55) और निशा (48) पश्चिम बंगाल के रहने वाले दंपत्ति 20 साल पहले मजदूरी करने के लिए तेलंगाना आए थे।

### कमांडर नाइकू की मौत का बदला लेने की तैयारी में आतंकी, 10 दिनों में कई हमले करने की साजिश



**डेली संवाद, नई दिल्ली**
कश्मीर घाटी में सुरक्षाबलों ने हाल के दिनों में आतंकी समूह हिजबुल मुजाहिदीन के शीर्ष कमांडरों समेत कई आतंकवादियों को ढेर करके बड़ी सफलता हासिल की है, लेकिन खुफिया एजेंसियों को सूचना मिली है कि यह संगठन फिर से सक्रिय हो रहा है और उसने घाटी में 10 दिनों के अंदर कई आतंकी हमलों को अंजाम देने की योजना बनाई है। खुफिया एंजेसियों का कहना है कि वे बड़े पैमाने पर आतंकी हमले को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं और वे सुरक्षा बलों को निशाना बनाएंगे। एजेंसियों ने कहा कि कमजोर पड़ रहे हिजबुल का मु×य लक्ष्य घाटी में विभिन्न स्थानों पर तैनात सुरक्षा बलों पर हमला करने के साथ ही उनके हथियारों को लूटना भी है। घाटी में हिजबुल का नेतृत्व कर रहे उसके शीर्ष कमांडर रियाज नाइकू को इस महीने की शुरुआत में उसके घर से कुछ मिनटों की दूरी पर एक मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया था। आतंकी समूह ने अब नाइकू की मौत का बदला लेने की योजना बनाई है। खुफिया एजेंसियों ने कहा कि वे कोविड-19 संकट के बीच स्थानीय युवाओं को एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर से हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादियों का एक समूह किश्तवाड़ पहुंचा है।

### बस विवाद पर यूपी के डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा बोले-

## श्रमिकों और देश से माफी मांगे कांग्रेस



**डेली संवाद, लखनऊ**
उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को लेकर कांग्रेस के बहाए जा रहे आंसू घड़ियाली हैं। इस संबंध में उसकी सारी संवेदनाएं सिर्फ सस्ती लोकप्रियता पाने का हथकंडा हैं। एक बार फिर कांग्रेस का दोहरा चरित्र बेनकाब हो गया। इसके लिए वह प्रवासी श्रमिकों और देश से माफी मांगे।

शुक्रवार को यहां पत्रकारवार्ता में उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने कहा कि एक ओर कांग्रेस प्रवासी श्रमिकों की वापसी के लिए 1 हजार बसें देने का दावा कर रही है। कांग्रेस ने बसों की जो सूची दी थी उनमें से कई वाहन बस की बजाय स्कूटर, बाइक और एंबुलेंस के थे। कई बसें अनफिट थीं। दूसरी ओर राजस्थान के कोटा से बच्चों को उप्र की सीमा तक पहुंचाने के एवज में कांग्रेस ने पूरी बेशर्मी के साथ किराया और डीजल का भी पैसा उप्र सरकार से ले लिया।

**राजस्थान सरकार ने हमसे पैसा लिया**

डॉ. शर्मा ने कहा कि पिछले महीने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फैसला लिया कि कोटा में पढने वाले उप्र के बच्चों को सरकार सुरक्षित उनको घर वापस पहुंचाएगी। अनुमान था कि बच्चों की संख्या करीब 10 हजार होगी। उसी के अनुसार वहां बसें भेजी गयीं, पर बच्चों की संख्या करीब 12 हजार थी। बचे परेशान हो गये। बच्चों का कहना था कि यहां तो खाने तक को नहीं मिल रहा है। हम यहां नहीं रह सकते। उन्होंने रहा कि बच्चों की तकलीफ देखकर उप्र के अधिकारियों ने राजस्थान सरकार से अतिरिक्त बसें मुहैया कराने को कहा। वहां के अधिकारियों ने कहा कि बसें तो हम दे देंगे, पर किराया लेंगे। इसलिए लिखित अनुरोध करें। लिखित अनुरोध पर उन्होंने अतिरिक्त बसों से बच्चों को फतेहपुर सिकरी तक भेजा। यही नहीं हमारी जिन बसों को डीजल दिया उसका भी भुगतान लिया। भुगतान के लिए बार-बार रिमांइडर भी भेजा।

**कई बसों में डीजल तक नहीं था**

सवाल यह उठता है कि अभूतपूर्व संकट के इस दौर में जो बच्चे उनके यहां पढ़ रहे थे। फीस और अन्य रूप में उनकी अर्थव्यवस्था को योगदान दे रहे थे, उनको उप्र की सीमा तक पहुंचाने के लिए क्या किराया लेने का तुक था? जो पार्टी ऐसा कर सकती है, वह किस मकसद से बसों की राजनीति की कर रही है यह सबको पता है। जिन बसों की कांग्रेस बात कर रही है, उसके ड्राइवरों तक को खाने की व्यवस्था नहीं की थी। उन्होंने कहा कि कई बसों में डीजल तक नहीं था। जो पार्टी बसों के ड्राइवरों को खाना नहीं मुहैया करा सकी अगर उनसे हम प्रवासी श्रमिकों को भेजते तो क्या स्थिति होती। हम कैसे खटारा बसों में बच्चों को भेजते? रास्ते में कुछ हो जाता तो किसकी जवाबदेही होती?











## राजिंदर बेरी के एक सुझाव पर जालंधर में खत्म हुआ आड-इवन फार्मूला, दुकानदारों ने जताया आभार

**डेली संवाद, जालंधर**
जालंधर सेंट्रल हलके के विधायक राजिंदर बेरी की मेहनत रंग लाई है। दुकानदारों की मांग पर आखिरकार राजिंदर बेरी के सुझाव के बाद पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर और डिप्टी कमिश्नर वरिंदर कुमार शर्मा ने ऑड इवन का फार्मूले को बंद करने का फैसला किया है। विधायक राजिंदर बेरी ने बताया कि पिछले दिनों दुकानदारों ने उनसे मिलकर आड इवन फार्मूला को खत्म करने की मांग रखी थी। जिससे दुकानदारों और मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नर और डिप्टी कमिश्नर के साथ मीटिंग करवाई गई थी। जिसमें दुकानदारों ने अपनी मांग रखी थी। विधायक राजिंदर बेरी के सुझाव के बाद डिप्टी कमिश्नर वरिंदर कुमार शर्मा ने फैसला किया है कि जालंधर में अब दुकान सुबह 10ः00 बजे से शाम 6ः00 बजे तक खुलेगी। इस दौरान यह भी फैसला हुआ कि दुकानें बुधवार और रविवार को बंद रहेंगी। दुकानदारों ने बेरी को बोला थैंक यू राजिंदर बेरी के प्रयास की सराहना करते हुए दुकानदारों ने कहा है कि इस फैसले से पूरा शहर खुश है। दुकानदारों ने विधायक राजिंदर बेरी को थैंक यू बोला है। दुकानदारों ने कहा है कि विधायक राजिंदर बेरी के सहयोग से उनकी रोजी-रोटी फिर से पटरी पर आ रही है।



